Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

فَاَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ فَيُوَفِّيْهِمْ اُجُوْرَهُمْ وَيَزِيْدُهُمْ مِّنْ فَضْلِهٖ

(सूरत अन्निसा आयत : 174)

अनुवाद : अत: वे लोग जो ईमान लाए और नेक-आमाल बजा लाए तो वे उनको उनका भरपूर प्रतिफल प्रदान करेगा और अपने फ़ज़ल से उनको मज़ीद देगा।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष- 6
अंक- 16

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

9 रमज़ान 1442 हिज्री कमरी 22 शहादत 1400 हिज्री शम्सी 22 अप्रैल 2021 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

फ़ज्र की नमाज़ का महत्तव

(1216) हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि मैं नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को जबकि आप नमाज़ में होते सलाम किया करता था और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम मुझे उत्तर देते थे। जब हम (हिज्रत हब्शा से) लौट कर आए तो मैं ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को सलाम किया। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उत्तर नहीं दिया और (बाद में फ़रमाया नमाज़ में भी एक व्यस्तता होती है।

(1217) हज़रत जाबिर बिन अब्दुल्लाह रज़ियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने किसी काम के लिए मुझे भेजा, मैं चला गया। फिर वह काम पूरा करके वापिस लौटा। मैं नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास आया और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को सलाम किया तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मुझे उत्तर नहीं दिया। मेरे दिल में जो ख़्याल आए उन्हें अल्लाह ही बेहतर जानता है। मैं ने अपने दिल में कहा : शायद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुझ पर नाराज़ हैं इसलिए कि मैं ने देर कर दी है। फिर मैं ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को सलाम किया तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मुझे उत्तर नहीं दिया इस पर मेरे दिल को पहले से भी ज़्यादा दुख हुआ। फिर मैं ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को सलाम किया तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मुझे उत्तर दिया और फ़रमाया : मैं नमाज़ पढ़ रहा था और उसी ने मुझे उत्तर देने से रोका।

(व्याख्या) हज़रत सय्यद ज़ैनुल आबेदीन वली-उल्लाह शाह साहब रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं : कुछ फ़ुक़ाहा की राय यह है कि सलाम का उत्तर दुआ के रूप में अपने दिल में दे दें, बग़ैर इसके कि मुँह से शब्द वाअलैकुम अस्सलाम निकालें, या यह कि इशारा से उत्तर दें। यह राय इमाम बुख़ारी ने पूर्णता रद्द की हैं रिवायत नम्बर 1216, 1217 से ज़ाहिर है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने नमाज़ से फ़ारिग़हो कर सलाम का उत्तर दिया है। यही जम्हूर का मत है।

(सही बुख़ारी, भाग 2 प्रकाशन क़ादियान 2006)

मेरे दिल में बड़ा दर्द पैदा होता है कि मैं क्या करूँ कि हमारी जमाअत सच्ची तक़्वा तथा पवित्रता धारण कर ले।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

22 जून 1899 ई

हज़रत अक़दस ने कल बातों बातों में फ़रमाया :कि

"अवश्य याद रखो कि ख़ुदा अपने बंदा को कभी नष्ट नहीं करेगा और हरगिज़ नहीं उठाएगा जब तक उसके हाथ से वे बातें पूरी न हो जाएं जिनके लिए वह आया है। उसे किसी की लड़ाई और किसी की बददुआ कोई हानि नहीं पहुंचा सकती।"

इस की तहरीक यूं हुई कि किसी ने कहा कि अब विरोधी मुलहम् 2 साहिब कहते हैं कि इस सिल्सिला की तबाही अब निकट है । كَبُرَتْ كَلِمَةً تَخْرُجُ مِنْ اَفْوَاهِهِمْ اِنْ يَّقُوْلُوْنَ اِلَّا كَذِبًا (अल-कहफ़:6) फिर बड़े दर्दे दिल से फ़रमाया कि

तक़्वा तथा पवित्रता

"कल अर्थात 22 जून 1899 ई बहुत बार ख़ुदा की तरफ़ से इल्हाम हुआ कि तुम लोग मुत्तक़ी बन जाओ और तक़्वा की बारीक राहों पर चलो तो ख़ुदा तुम्हारे साथ होगा।"

फ़रमाया "इससे मेरे दिल में बड़ा दर्द पैदा होता है कि मैं क्या करूँ कि हमारी जमाअत सच्ची तक़्वा तथा पवित्रता धारण कर ले।" फ़रमाया कि " मैं इतनी दुआ करता हूँ कि दुआ करते करते कमज़ोरी का ग़लबा हो जाता है और कई बार बेहोशी और हलाकत तक हालत पहुंच जाती है। फ़रमाया जब तक कोई जमाअत ख़ुदा की निगाह में मुत्तक़ी न बन जाए। ख़ुदा की सहायता उसके साथ हो नहीं सकती।" फ़रमाया तक़्वा सार है समस्त पवित्र पुस्तकों का और तौरात तथा इंजील की शिक्षाओं का। क़ुरआन करीम ने एक ही शब्द में ख़ुदा तआला की महान इच्छा और पूरी रज़ा का प्रकटन कर दिया है।" फ़रमाया।" मैं इस फ़िक्र में भी हूँ कि अपनी जमाअत में से सच्चे मुत्तक़ियों, धर्म को दुनिया पर प्राथमिकता देने वालों और अल्लाह तआला की तरफ आने वालों को को अलग करूँ और कुछ धार्मिक काम उन्हें सपुर्द करूँ और फिर में दुनिया के कामों में लीन रहने वालों और रात दिन दुनिया के मुर्दा चीज़ों की चाह में ही जान खपाने वालों की कुछ भी परवा न करूँगा।....

रात किस दर्द से हज़रत इमाम फ़रमाते हैं। आह! अब तो ख़ुदा के सिवा कोई भी हमारा नहीं। अपने पराए सब ही इस पर तुले हुए हैं कि हमें अपमानित कर दें । रात दिन हमारे बारे में मसीबतों और गर्दिशों के इंतिज़ार में बैठे हैं। अब यदि ख़ुदा तआला हमारी सहायता न करे तो हमारा ठिकाना कहाँ। "

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 253 से 260 प्रकाशन 2008 क़ादियान)

☆ ☆ ☆ ☆

सम्मान की रक्षा एक उच्च स्तर का कार्य है लेकिन यदि इस बात को दृष्टिगत रखते हुए कि तब्लीग़ के काम में हर्ज न हो या और किसी ऐसे काम के लिए जो क़ौमी या शरई या दीनी हो इन्सान अपने सम्मान को क़ुर्बान कर दे और अपने पर आरोप को रहने दे तो यह व्यक्ति यक़ीनन उस व्यक्ति से जो अपने सम्मान की रक्षा की मांग किसी नेक इरादा से करता है ज़्यादा उच्च स्तर पर है

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं : जिस वक़्त हज़रत यूसुफ़ अलैहिस्सलाम को बादशाह ने बुलाया है उनके लिए दो ही रास्ते खुले थे या फ़ौरन निकल आते या पहले रिहा करा के निकलते। ये दोनों कार्य वास्तव में एक दुसरे के विपरीत हैं लेकिन दो विभिन्न दृष्टिकोण रखने वालों के अनुसार या तो ये दोनों कार्य नेकी बन जाते हैं और या दोनों बदी और वह इस तरह पर कि यदि हज़रत यूसुफ़ अलैहिस्सलाम घमंड और ख़ुदपसंदी के अधीन ऐसा करते कि पहले लोग गुनाह का इक़रार करें मैं फिर निकलूँगा तो यह गुनाह हो जाता। इसी तरह यदि वह यह तरीक़ इख़तियार करते कि अपने नफ़स के आराम के लिए बग़ैर किसी दीनी फ़ायदा को दृष्टिगत रखने के तुरतं बाहर निकल आते तो भी यह गुनाह होता लेकिन उन्होंने निकलने से इन्कार किया इसलिए नहीं कि वह घमंडी थे बल्कि जैसा कि उन्होंने स्वयं बताया है केवल इसलिए कि उनका एक मोहसिन इस भ्रम में ग्रस्त न रहे कि यूसुफ़ (अलैहिस्सलाम) ने उससे ग़द्दारी की है और इस आला जज़बे की वजह से उनका यह कार्य एक आला दर्जा की नेकी थी। परन्तु एक चौथा दृष्टिकोण भी है जिस के अधीन तुरंत निकल आना एक नेकी बन जाता है और इस दृष्टिकोण को रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इख़तियार किया है। यह दृष्टिकोण अपने फ़र्ज़ मंसबी के पूरा करने का ख़्याल है। एक नबी या मुअल्लिम ख़ुदा तआला की ओर से लोगों को तब्लीग़ करने के लिए आधारित होता है

शेष पृष्ठ 9 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की यूरोप की यात्रा, मई जून 2015 ई (भाग-5)

सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ का अख़बार DIE ZEIT को इंटरव्यू

एक जर्मन मेहमान औरत KATHJA SOMMER साहिबा ने अपने विचारों का इस तरह प्रकटन किया। ऐसे महसूस हुआ जैसे हमारा एक रुहानी बाप है और वह हम से बात कर रहा है और हम सब उस के बच्चे हैं और इस के सामने बराबर हैं। कोई छोटा बड़ा नहीं है।

कई लोगों ने इस बात पर इंतिहाई ख़ुशी का प्रकटन किया कि हुज़ूर अनवर ने यह संदेश दिया है कि उस मस्जिद के दरवाज़े सब के लिए खुले हैं

His holiness मिर्ज़ा मसरूर अहमद ने कहा यहां अब कोई भौतिक वस्तुएं बेचीं नहीं जाएँगी। यह अब ख़ुदा का एक घर है। इस में वह चीज़ें प्रस्तुत की जाएँगी जो बुलंद और ख़ूबसूरत अख़लाक़ी इक़दार को प्रकट करें। मुहब्बत, भाईचारा और हमदर्दी इस घर से फैलेंगे।

हम समस्त इन्सानों के लिए, जो मुश्किलात में ग्रस्त हों, उपस्थित हैं, यह मस्जिद समस्त इन्सानों और धर्मों के लिए खुली है। हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ने कहा कि संसार को लड़ाई, शोषण, और उग्रवाद की आवश्यकता नहीं। संसार को मुहब्बत, सब्र और अमन की आवश्यकता है। इसके बाद जमाअत के क़ानूनी स्टेटस, स्कूलों में इस्लामीयात की शिक्षाऔर लार्ड मेयर की तक़रीर इत्यादि का वर्णन किया है।

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

जर्नलिस्ट ने एक प्रश्न यह किया कि यहां आप लोगों का ख़ुतबा जुम्अ जर्मन भाषा में भी होता है इस का क्या कारण है?

इस प्रश्न के उत्तर में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : यहां केवल जर्मनी की बात नहीं। सारी दुनिया में वहां की स्थानीय भाषाओं में भी होता ताकि जो लोग स्थानीय भाषाएं जानते हैं उनको भी समझ आए। इंडोनेशिया में इंडोनेशियन भाषा में होता है। पाकिस्तान में उर्दू भाषा में होता है और यू.के. की जमाअतों में अंग्रेज़ी भाषा में भी होता है। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया मैं ख़ुत्बा जुम्अ: उर्दू भाषा में देता हूँ और इस का आठ विभिन्न भाषाओं में अनुवाद हो रहा होता है। इस्लामी शिक्षा की दृष्टि से कोई ऐसा हुक्म नहीं है कि केवल अमुक विशेष भाषा में ही ख़ुतबा दिया जाए।

इस इंटरव्यू के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ जैसे ही स्टेज से नीचे पधारे तब एक बोज़नीन महिला जो आज के इस समारोह में शामिल थीं, हुज़ूर अनवर के क़रीब आ गईं। उनकी आँखों से निरन्तर आँसू जारी थे और बे-इख़्तियार कह रही थीं कि मैंने हुज़ूर अनवर को ख़्वाब में देखा है। मैंने हुज़ूर अनवर का चेहरा आसमान से उतरते ख़्वाब में देखा है। मैंने देखा कि हुज़ूर का चेहरा बहुत ही ख़ूबसूरत था, बहुत नूर था। सफ़ैद लंबी दाढ़ी थी और सिर पर सफ़ैद पगड़ी थी। उस महिला ने ख़्वाब में ही रोना शुरू कर दिया और बे-इख़्तियार रोती गई। नींद से जागने के बाद भी रोती रही।

यह ख़्वाब उस महिला ने दो वर्ष पूर्व देखा था परन्तु आज भी इस के ज़हन में नक़्श था।

जब यह औरत हुज़ूर अनवर के सामने खड़ी थी तो निरन्तर रो रही थी और कहती थी कि मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं हुज़ूर के सामने खड़ी हूँ।

इसने अपना एक और ख़्वाब सुनाया जो 12 वर्ष पूर्व उसने देखा था कि एक सफ़ैद रंग का घोड़ा उतरते देखा है। उस घोड़े ने मुझे एक छोटा सफ़ैद रंग का घोड़ा दिया है और साथ ही उनको आवाज़ आई कि इस की हिफ़ाज़त करना यह तुम्हारे लिए है।

इस महिला ने यह ख़्वाब वर्णन करके हुज़ूर अनवर से इस की ताबीर चाही। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया। इस ख़्वाब की एक ताबीर यह भी हो सकती है कि पुराने ज़माने में घोड़े हिफ़ाज़त और सवारी के लिए प्रयोग होते थे ख़ास तौर पर जंगों में चूँकि इस ज़माने में जिहाद तलवार का नहीं है बल्कि क़लम का है। इसलिए आप को ध्यान दिलाया गया है कि आप क़लम का जिहाद करें अर्थात ज़्यादा से ज़्यादा ज्ञान प्राप्त करें और सच्चाई को पहचानने का प्रयास करें। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया तो यह उसकी एक ताबीर हो सकती है।

अंत में वह फ़ातिमा साहिबा फिर कहने लगीं कि मैंने हुज़ूर अनवर को बिल्कुल इसी रूप में ख़्वाब में देखा है। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया अल्लाह तआला आपको अहमदियत स्वीकार करने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए और आपके लिए यह ख़्वाब मुबारक फ़रमाए।

इसके बाद जब हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ मार्की से बाहर पधारे तो समस्त बच्चे एक लाइन में खड़े थे। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने स्नेह से बच्चों को चॉकलेट प्रदान फ़रमाए।

इसके बाद लोकल मज्लिस-ए-आमला, वक़ारे अमल में हिस्सा लेने वाले लोग और जायदाद विभाग ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ के साथ तस्वीर बनवाने का सौभाग्य पाया।

इस अवसर पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने मस्जिद की छत पर गुम्बद रखने के बारे में हिदायतें दीं कि किस तरह आप गुम्बद के वज़न की दृष्टि से छत को मज़बूत कर सकते हैं।

इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने यहां से प्रस्थान से पूर्व सदर साहिब जमाअत HANAU को हिदायत दी कि जो मस्जिद का मीनर ENTRANCE है और इसका जो बरामदा है और त्रिकोण जैसी छत है इस छत के सामने वाले हिस्सा के ऊपर एक छोटा सा मीनारा बनाएँ। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने निरंतर उसका एक नक़्शा बना कर दिखाया।

सम्मान्नीय मेहमानों के विचार :

आज के इस समारोह में शामिल होने वाले बहुत से मेहमानों ने अपने विचार और हार्दिक भावनाओं का प्रकटन किया। बहुत से मेहमानों ने इस बात का प्रकटन किया कि हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ के भाषण ने उनके दिल पर गहरा प्रभाव छोड़ा है और ये मेहमान इस प्रभाव का प्रकटन किए बिना नहीं रह सके।

एक औरत SCHNDLER साहिबा ने अपने भावनाओं का प्रकटन करते हुए कहा। आज ख़लीफतुल मसीह के भाषण का प्रत्येक शब्द वास्तव पर आधारित था। ख़लीफतुल मसीह की तबीयत धीमी है। बहुत मुहब्बत करने वाले और प्रभावित करने वाले व्यक्ति हैं। ख़लीफ़ा ने आज अपने भाषण में हमें इस्लाम की ख़ूबसूरत शिक्षा बताई। मैंने आँखें बंद कर लीं और ख़लीफ़ा की बातों को सुनती जाती थी। ऐसा मालूम होता था कि संसार का कोई अमन वाला इन्सान मुहब्बत की शिक्षा दे रहा है। ऐसी शिक्षा तो मुझे चर्च में भी कभी नहीं मिली।

एक जर्मन मेहमान औरत MRENE PRUSSIG ने अपने विचारों का प्रकटन करते हुए कहा। हमारी शिक्षा है कि पड़ोसी से मुहब्बत करो। परन्तु हमारे पास केवल शिक्षाएं ही रह गई हैं। आज हुज़ूर अनवर का भाषण सुन कर ऐसे लगा कि यह शिक्षाएं फिर से ज़िन्दा हो गई हैं। मैं

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु कोई मामूली आदमी नहीं थे, निहायत उच्च स्तर के आचरण आप रज़ियल्लाहु अन्हु में पाए जाते थे दुनियावी प्रतिष्ठा के लिहाज़ से आप रज़ियल्लाहु अन्हु बहुत प्रसिद्ध थे, इस्लाम में सबक़त रखते थे, आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम आप रज़ियल्लाहु अन्हु से अत्यधिक प्रसन्न थे

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद, दो नूरों वाले हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताओं का वर्णन

अल्लाह की क़सम यदि तुम ने मुझे क़तल कर दिया तो फिर कभी इकट्ठे नमाज़ नहीं पढ़ सकोगे और कभी भी इकट्ठे हो कर दुश्मन का मुक़ाबला नहीं कर सकोगे और ज़रूर तुम आपस में मतभेद करोगे और इस तरह तुम उलझ कर रह जाओगे (उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु)

हज़रत ज़ैद बिन साबित अंसारी रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िदमत में हाज़िर हो कर निवेदन किया कि ये अंसार दरवाज़े पर हाज़िर हैं और कह रहे हैं कि यदि आप पसंद फ़रमाएं तो हम दूसरी बार अल्लाह के अंसार बनने को तैयार हैं, इस पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया नहीं, क़िताल कदापि नहीं करना

चार मरहूमीन आदरणीय मौलवी मुहम्मद इदरीस तीरू साहिब मुबल्लिग़-ए-सिलसिला एयवरी कोस्ट, आदरणीया अमीना नाईगा कायरे साहिबा पत्नी आदरणीय मुहम्मद अली कायरे साहिब अमीर और मिशनरी इंचार्ज युगांडा, आदरणीय लुई कज़क साहिब आफ़ सीरिया और आदरणीया फ़र्हत नसीम साहिबा रब्वा पत्नी आदरणीय मुहम्मद इबराहीम साहिब हनीफ़ सारीचोरी की विशेषताओं का वर्णन और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 12 मार्च 2021 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन चल रहा है। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपनी वफ़ात से या जब उपद्रव ज़ोरों पर था इस से तक़रीबन एक वर्ष पहले आख़िरी हज किया। बहरहाल उनका जो आख़िरी हज था उस वक़्त उपद्रव फेलालाने वालों ने सिर उठाना शुरू कर दिया था और हज़रत अमीर माविया रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस को बड़ी शिद्दत से महसूस किया था। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि हज से वापसी पर हज़रत मुआविया भी हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ मदीना आए। कुछ दिन ठहर कर आप वापिस जाने लगे तो आपने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से अलग मिल कर निवेदन किया कि उपद्रव बढ़ता हुआ मालूम होता है। यदि आज्ञा हो तो मैं इसके सम्बन्ध में कुछ निवेदन करूँ। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कहो। इस पर उन्होंने कहा कि प्रथम मेरा मश्वरा यह है कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु मेरे साथ शाम (देश) चलें क्योंकि शाम में हर तरह से अमन है और किसी किस्म का फ़साद नहीं। ऐसा न हो कि अचानक किसी किस्म का उपद्रव उठे और उस वक़्त कोई इंतिज़ाम न हो सके। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनको उत्तर दिया कि मैं रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की निकटता को किसी अवस्था में नहीं छोड़ सकता चाहे शरीर की धज्जियाँ उड़ा दी जाएं। हज़रत मुआविया ने कहा फिर दूसरा मश्वरा यह है कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु मुझे आज्ञा दें कि मैं एक लश्कर शामी फ़ौज का आप रज़ियल्लाहु अन्हु की रक्षा के लिए भेज दूं। उन लोगों की मौजूदगी में कोई व्यक्ति शरारत नहीं कर सकेगा। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उत्तर दिया कि न मैं उस्मान की जान की रक्षा के लिए इस क़दर बोझ बैतुल माल पर डाल सकता हूँ और न यह पसंद करता हूँ कि मदीना के लोगों को फ़ौज रख कर तंगी में डालूं। इस पर हज़रत मुआविया ने निवेदन किया कि फिर तीसरी तजवीज़ यह है कि सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु की मौजूदगी में लोगों का साहस है कि यदि उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु न रहे तो उनमें से किसी को आगे खड़ा कर देंगे। उन लोगों को मुख़्तलिफ़ मुल्कों में फैला दें। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उत्तर दिया कि यह क्योंकर हो सकता है कि जिन लोगों को रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जमा किया है मैं उनको अस्त-व्यस्त कर दूं, फैला दूं। इस पर मुआविया रो पड़े और निवेदन किया कि यदि इन उपायों में से जो आप रज़ियल्लाहु अन्हु की रक्षा के लिए मैंने पेश किए हैं आप रज़ियल्लाहु अन्हु कोई भी क़बूल नहीं करते तो इतना तो कीजीए कि लोगों में यह ऐलान कर दें कि यदि मेरी जान को कोई नुक़्सान पहुंचा तो मुआविया को मेरे बदले का हक़ होगा। शायद लोग इस से भय खा कर शरारत से बाज़ रहें। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उत्तर दिया कि मुआविया जो होना है हो कर रहेगा, मैं ऐसा नहीं कर सकता क्योंकि आपकी तबीयत सख़्त है। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत मुआविया को कहा कि आपकी तबीयत सख़्त है ऐसा न हो कि आप मुस्लमानों पर सख़्ती करें। इस पर हज़रत मुआविया रोते हुए आप के पास से उठे और कहा कि मैं समझता हूँ कि शायद यह आख़िरी मुलाक़ात हो। और बाहर निकल कर सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु से कहा। इस्लाम की निर्भरता आप लोगों पर है। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु अब बिल्कुल वृद्ध हो गए हैं और उपद्रव बढ़ रहा है। आप लोग उनका ख्याल रखें। यह कह कर मुआविया शाम की तरफ़ रवाना हो गए।

(उद्धरित इस्लाम में इख़तेलाफ़ात का आग़ाज़, अनवारुल उलूम भाग 4 पृष्ठ 285-286)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का जो दृढ़ संकल्प और हिम्मत थी उसके बारे में वर्णन है, मुजाहिद ने वर्णन किया कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने घर से घेराव करने वालों को झांक कर फ़रमाया कि हे मेरी क़ौम मुझे क़तल न करो क्योंकि मैं हाकिम-ए-वक़्त और तुम्हारा मुस्लमान भाई हूँ। बख़ुदा मैंने हमेशा सामर्थ्य के अनुसार इस्लाह करने की कोशिश की है चाहे मेरा स्टैंड दरुस्त था या मुझ से कोई गल्ती हुई। याद रखों यदि तुम ने मुझे क़तल किया तो तुम लोग कभी भी इकट्ठे नमाज़ न पढ़ सकोगे और न ही कभी इकट्ठे जिहाद कर सकोगे और न ही अम्वाल-ए-ग़नीमत की तुम में इन्साफ पर आधारित बाँट हो सकेगी। रावी कहते हैं कि जब घेराव करने वालों ने इन्कार किया तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया मैं तुम्हें ख़ुदा की क़सम देकर पूछता हूँ कि क्या तुम लोगों ने अमीरुल मोमिनीन हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की वफ़ात के वक़्त जबकि तुम सब इकट्ठे थे और सब दीन और हक़ पर क़ायम थे वे दुआ नहीं की थी जो तुमने की थी अर्थात ख़िलाफ़त के बारे में। फिर क्या अब तुम यह कहना चाहते हो कि अल्लाह तआला ने तुम्हारी दुआएं क़बूल नहीं कीं या फिर यह कहना चाहते हो कि अल्लाह तआला को अब दीन की कोई पर्वा नहीं रही या फिर यह कहना चाहते हो कि मैंने इस चीज़ अर्थात ख़िलाफ़त को तलवार के ज़ोर से या क़बज़ा के द्वारा हासिल किया है और मुस्लमानों के मश्वरे से उसे हासिल नहीं किया या फिर तुम्हारा ख़्याल है कि मेरी ख़िलाफ़त के आरंभिक समय में अल्लाह तआला मेरे बारे

में वे बातें नहीं जानता था जिनका उसे बाद में पता चला। ये तो नहीं हो सकता। अल्लाह तआला सब जानता है। इस पर भी जब घेराव करने वालों ने आप रज़ियल्लाहु अन्हु की बात न मानी तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने दुआ की कि या अल्लाह ! तू उन्हें अच्छी तरह गिन ले और उन सबको चुन-चुन कर मारना और उन सब में से किसी एक को भी न छोड़ना। मुजाहिद कहते हैं कि इस उपद्रव में जिस जिस ने भी हिस्सा लिया अल्लाह तआला ने उन्हें हलाक कर दिया। (अल्तब्कातुल कुबरा लेइब्ने साअद भाग तीन पृष्ठ 38, उस्मान बिन अफ्फान, दारुल अहया तुर्रास अरबी बैरूत 1996 ई.)

अबू लैला किंदी वर्णन करते हैं कि मैंने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को देखा जबकि आप कैद में थे। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने एक रोशन दान से झांक कर फ़रमाया हे लोगो! मुझे क़तल न करो और यदि मेरा क़सूर है तो मुझे तौबा का अवसर दो। अल्लाह की क़सम यदि तुम ने मुझे क़तल कर दिया तो फिर कभी इकट्ठे नमाज़ नहीं पढ़ सकोगे और कभी भी इकट्ठे हो कर दुश्मन का मुक़ाबला नहीं कर सकोगे और ज़रूर तुम आपस में मतभेद करोगे और इस तरह तुम उलझ कर रह जाओगे। रावी कहते हैं आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उंगलीयों में उंगलियां डाल कर बताया कि ऐसे। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया

وَ يٰقَوْمِ لَا يَجْرِمَنَّكُمْ شِقَاقِيْٓ اَنْ يُّصِيْبَكُمْ مِّثْلُ مَآ اَصَابَ قَوْمَ نُوْحٍ اَوْ قَوْمَ هُوْدٍ اَوْ قَوْمَ صٰلِحٍ وَمَا قَوْمُ لُوْطٍ مِّنْكُمْ بِبَعِيْدٍ۔

(हूद : 90) और हे मेरी क़ौम! मेरी दुश्मनी तुम्हें कदापि ऐसी बात पर आमादा न करे कि तुम्हें भी वैसी ही मुसीबत पहुंचे जैसी नूह की क़ौम को और हूद की क़ौम को और सालेह की क़ौम को पहुंची थी और लूत की क़ौम भी तुम से कुछ दूर नहीं।

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत अब्दुल्लाह बिन सलाम की तरफ़ पैग़ाम भेजा। उन्होंने आकर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से निवेदन किया कि ये सब कुछ जो हो रहा है इस में आप की क्या राय है? तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने अर्थात हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया लड़ाई से बचोगे। लड़ाई से बचोगे। क्योंकि यह बात तुम्हारे हक़ में बतौर दलील ज़्यादा मज़बूत होगी।

(अल्तब्कातुल कुबरा लेइब्ने साअद भाग तीन पृष्ठ 39 उस्मान बिन अफ्फ़ान, दारुल अहया तुर्रास बेरूत 1996 ई.)

मुहम्मद बिन सीरीन ने वर्णन किया कि हज़रत ज़ैद बिन साबित अंसारी रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िदमत में हाज़िर हो कर निवेदन किया कि ये अंसार दरवाज़े पर हाज़िर हैं और कह रहे हैं कि यदि आप पसंद फ़रमाएं तो हम दूसरी बार अल्लाह के अंसार बनने को तैयार हैं। इस पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया। नहीं, युद्ध कदापि नहीं करना। हज़रत अबू हुरेरह रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि यौमुलदार को मैंने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के पास हाज़िर हो कर निवेदन किया। हे अमीरुल मोमिनीन रज़ियल्लाहु अन्हु! अब तो तलवार उठाना ही मुनासिब है। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया हे अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु! क्या तुम पसंद करोगे कि तुम समस्त लोगों को और मुझे भी क़तल कर दो। मैंने निवेदन किया नहीं। तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया ख़ुदा की क़सम यदि तुम ने एक व्यक्ति को भी क़तल किया तो मानों सब लोग क़तल हो गए। हज़रत अबू हुरेरह रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं कि मैं फिर वापिस आ गया। उस लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। पहले यह वर्णन हो चुका है कि उन्होंने कहा था कि आज ही लड़ने का अवसर है। हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु ने वर्णन किया कि मैंने घेराव के दिन हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िदमत में निवेदन किया कि हे अमीरुल मोमिनीन रज़ियल्लाहु अन्हु! उन लोगों से जंग की जाए क्योंकि अल्लाह तआला ने आप रज़ियल्लाहु अन्हु के लिए उनसे जंग करना वैध क़रार दिया है। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया अल्लाह की क़सम! मैं उनसे कभी भी जंग नहीं करूँगा।

रावी कहते हैं कि इस पर वे लोग आप रज़ियल्लाहु अन्हु के पास घर में घुस आए जबकि आप रज़ियल्लाहु अन्हु रोज़े से थे। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने घर के दरवाज़े पर हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर को निगरान निर्धारित फ़रमाया हुआ था। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया था कि जो मेरी इताअत करना चाहता है वे अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर की इताअत करे। हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं कि मैंने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िदमत में निवेदन किया कि हे अमीरुल मोमेनीन यक़ीनन आप के पास घर में आप की रक्षा के लिए एक गिरोह है जिसे अल्लाह की ताईद-ओ-नुसरत हासिल है और वे इन घेराव करने वालों की निसबत संख्या में कम हैं। अत: आप मुझे बाग़ीयों से क़िताल की आज्ञा दें। तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया मैं तुम्हें अल्लाह की क़सम देता हूँ या फ़रमाया मैं तुम्हें अल्लाह के नाम पर नसीहत करता हूँ कि कोई आदमी मेरी ख़ातिर अपना ख़ून न बहाए या मेरी ख़ातिर किसी और का ख़ून न बहाए। (अल्तब्कातुल कुबरा लेइब्ने साअद, भाग तीन पृष्ठ 39 उस्मान बिन अफ्फ़ान,दारुल अहया तुर्रास अरबी बेरूत 1996 ई.)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की शहादत से पूर्व के उपद्रव और आप रज़ियल्लाहु अन्हु की शहादत की घटना का वर्णन करते हुए हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने जो वर्णन फ़रमाया है वह इस तरह है। आप रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि चूँकि बाग़ीयों को बज़ाहिर ग़लबा हासिल हो चुका था। उन्होंने आख़िरी उपाय के तौर पर फिर एक व्यक्ति को हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की तरफ़ भेजा कि वह ख़िलाफ़त से विमुख हो जाएं क्योंकि वह समझते थे कि यदि ख़ुद दस्तबरदार हो जाऐंगे तो मुस्लमानों को उन्हें सज़ा देने का कोई हक़ और अवसर नहीं रहेगा अर्थात बाग़ीयों को फिर सज़ा देने का अवसर नहीं मिलेगा। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के पास जो संदेश लेकर पहुंचा तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि मैंने तो जाहिलियत में भी बदियों से परहेज़ किया है और इस्लाम में भी इसके अहकाम को नहीं तोड़ा। मैं क्यों और किस जुर्म में इस ओहदे को छोड़ दूं जो ख़ुदा तआला ने मुझे दिया है? मैं तो उस क़मीज़ को कभी नहीं आतारुंगा जो ख़ुदा तआला ने मुझे पहनाई है। वह व्यक्ति यह उत्तर सुनकर वापिस आ गया और अपने साथीयों से उन शब्दों में आकर सम्बोधित हुआ कि ख़ुदा की क़सम! हम सख़्त मुसीबत में फंस गए हैं। ख़ुदा की क़सम मुस्लमानों की गिरिफ़त से उस्मान को क़तल करने के अतिरिक्त हम बच नहीं सकते क्योंकि इस अवस्था में हुकूमत अस्त व्यस्त हो जाएगी और इंतिज़ाम बिगड़ जाएगा और कोई पूछने वाला न होगा और उस का क़तल करना किसी तरह वैध नहीं अर्थात हल तो यही है लेकिन क़तल करना किसी तरह वैध नहीं। इस व्यक्ति के ये शब्द न सिर्फ उन लोगों की घबराहट पर दलालत करते हैं बल्कि इस बात पर भी दलालत करते हैं कि उस वक़्त तक भी हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कोई ऐसी बात पैदा न होने दी थी जिसे ये लोग बतौर बहाने के इस्तिमाल कर सकें और उनके दिल महसूस करते थे कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का क़तल किसी अवस्था में वैध नहीं।

जब ये लोग हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की क़तल की योजना बना रहे थे तो हज़रत अब्दुल्लाह बिन सलाम जो कुफ़्र की अवस्था में भी अपनी क़ौम में निहायत सम्मानित थे और जिनको यहूद अपना सरदार मानते थे और अद्वितीय होना जानते थे, तशरीफ़ लाए और दरवाज़े पर खड़े हो कर उन लोगों को नसीहत करनी शुरू की और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़तल से उनको मना फ़रमाया कि हे क़ौम ख़ुदा की तलवार को अपने ऊपर न खींचो। ख़ुदा की क़सम यदि तुमने तलवार खींची तो फिर उसे मयान में डालने का अवसर नहीं मिलेगा, फिर हमेशा मुस्लमानों में तलवार खिंची रहेगी। हमेशा मुस्लमानों में लड़ाई झगड़ा ही रहेगा। अक़्ल करो। आज तुम पर हुकूमत सिर्फ कोड़े के साथ की जाती है। उमूमन शरियत के हदूद में कोड़े की सज़ा दी जाती है और यदि तुमने उस व्यक्ति को क़तल कर दिया अर्थात हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को क़तल कर दिया तो हुकूमत का काम बिना तलवार के नहीं चलेगा। अर्थात छोटे-छोटे अपराधियों के अपराधों पर भी लोगों को क़तल किया जाएगा। याद रखों कि इस वक़्त मदीना के संरक्षक फ़रिश्ते हैं। यदि तुम उस को क़तल कर दोगे तो फ़रिश्ते मदीना को छोड़ जाऐंगे। इस नसीहत से उन लोगों ने यह लाभ उठाया कि अब्दुल्लाह बिन सलाम सहाबी रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को धुतकार दिया और उनको पहले दीन का ताना देकर कहा कि हे यहूदन के बेटे! तुझे इन कामों से क्या सम्बन्ध? अफ़सोस कि इन लोगों को यह तो याद रहा कि अब्दुल्लाह बिन सलाम यहूदन के बेटे थे लेकिन यह भूल गए कि आप रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हाथ पर ईमान लाए और रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आप रज़ियल्लाहु अन्हु के ईमान लाने पर निहायत ख़ुशी का इज़हार किया और रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ हर एक मुसीबत और दुख में आप शरीक हुए और इसी तरह यह भी भूल गया कि उनका लीडर और उनको भड़काने वाला हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का वसी क़रार देकर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के मुक़ाबले पर खड़ा करने वाला अब्दुल्लाह बिन सबाह भी यहूदन का बेटा था बल्कि ख़ुद यहूदी था और

सिर्फ ज़ाहिर में इस्लाम का इज़हार कर रहा था। हज़रत अब्दुल्लाह बिन सलाम तो ये बातें सुनके उन लोगों से मायूस हो कर चले गए और इधर उन लोगों ने यह देख कर कि दरवाज़े की तरफ़ से जा कर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को क़तल करना मुश्किल है क्योंकि इस तरफ़ थोड़े बहुत जो लोग भी रोकने वाले मौजूद हैं वे मरने मारने पर तुले हुए हैं, यह फ़ैसला किया कि किसी पड़ोसी के घर की दीवार फाँद कर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को क़तल कर दिया जाए। इसलिए इस इरादे से कुछ लोग एक पड़ोसी की दीवार फाँद कर आप रज़ियल्लाहु अन्हु के कमरे में घुस गए। जब अंदर घुसे तो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु क़ुरआन-ए-करीम पढ़ रहे थे और जब से कि घेराव हुआ था रात और दिन आप रज़ियल्लाहु अन्हु का यही कार्य था कि नमाज़ पढ़ते या क़ुरआन-ए-करीम की तिलावत करते और इसके सिवा और किसी काम की तरफ़ तवज्जा नहीं करते और उन दिनों में केवल आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने एक काम किया और वह यह कि उन लोगों के घरों में दाख़िल होने से पहले आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने दो आदमीयों को खज़ाने की रक्षा के लिए निर्धारित किया क्योंकि जैसा कि साबित है उस दिन रात को स्वप्न में रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम आप रज़ियल्लाहु अन्हु को नज़र आए, हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को ख़ाब में नज़र आए और फ़रमाया कि उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु आज शाम को रोज़ा हमारे साथ खोलना। इस स्वप्न से आप रज़ियल्लाहु अन्हु को यक़ीन हो गया था कि आज मैं शहीद हो जाऊँगा। अत: आप रज़ियल्लाहु अन्हु को अपनी ज़िम्मेदारी ख़्याल करके दो आदमीयों को हुक्म दिया कि वे खज़ाने के दरवाज़े पर खड़े हो कर पहरा दें ताकि शोर-और-उपद्रव में कोई व्यक्ति खज़ाने को लूटने की कोशिश न करे। उद्देश्य जब ये लोग अंदर पहुंचे तो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को क़ुरआन-ए-करीम पढ़ते हुए पाया। इन आक्रमण करने वालों में मुहम्मद बिन अबी बकर भी थे और अपनी शक्ति के कारण जो उन लोगों पर उनको हासिल थी अपना फ़र्ज़ समझते थे, उनका ख़्याल था कि मैं हज़रत अबू बकर का बेटा हूँ तो मुझे फ़ौक़ियत हासिल है। अपना फ़र्ज़ समझते थे कि हर एक काम में आगे हूँ। इसलिए उन्होंने बढ़कर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की दाढ़ी पकड़ ली और ज़ोर से झटका दिया। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनके इस कर्म पर सिर्फ इस क़दर फ़रमाया कि हे मेरे भाई के बेटे! यदि तेरा बाप अर्थात हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु इस वक़्त होते तो तू कभी ऐसा न करता। तुझे क्या हुआ। तू ख़ुदा के लिए मुझ पर नाराज़ है। क्या इसके सिवा तुझे मुझ पर कोई ग़ुस्सा है कि तुझ से मैं ने ख़ुदा के हुक़ूक़ अदा करवाए हैं? मैं यही कहता हूँ कि ख़ुदा के हुक़ूक़ अदा करो। इस पर मुहम्मद बिन अबी बकर शर्मिंदा हो कर वापिस लौट गए लेकिन दूसरे व्यक्ति वहीं रहे और चूँकि उस रात बस्रा के लश्कर की मदीना में दाख़िल होने की यक़ीनी ख़बर आ चुकी थी और ये अवसर उन लोगों के लिए आख़िरी अवसर था। उन लोगों ने फ़ैसला कर लिया कि बिना अपना काम किए वापिस नहीं लौटेंगे और उनमें से एक व्यक्ति आगे बढ़ा और एक लोहे की सीख़ हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के सिर पर मारी और फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के सामने जो क़ुरआन-ए-करीम रखा हुआ था उस को लात मार कर फेंक दिया। क़ुरआन-ए-करीम लुढ़क कर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के पास आ गया और आप रज़ियल्लाहु अन्हु के सिर पर से ख़ून के क़तरात गिर कर उस पर आ पड़े। क़ुरआन-ए-करीम की बे-अदबी तो किसी ने क्या करनी है परन्तु उन लोगों के तक़्वा और दयानत का पर्दा इस घटना से अच्छी तरह स्पष्ट हो गया। जिस आयत पर आप रज़ियल्लाहु अन्हु का ख़ून गिरा वह एक ज़बरदस्त पेशगोई थी जो अपने वक़्त पर जा कर इस शान से पूरी हुई कि सख़्त दिल से सख़्त दिल आदमी ने इस के ख़ूनी शब्दों की झलक को देखकर भय से अपनी आँखें बंद कर लीं। वह आयत यह थी। فَسَيَكْفِيْكَهُمُ اللّٰهُ وَ هُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ (सूरत बकर: :138) अल्लाह तआला ज़रूर उनसे तेरा बदला लेगा और वह बहुत सुनने वाला और जानने वाला है।

इस के बाद एक और व्यक्ति सूदान नामी आगे बढ़ा और उसने तलवार से आप रज़ियल्लाहु अन्हु पर हमला करना चाहा। पहला वार किया तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने हाथ से उस को रोका और आप रज़ियल्लाहु अन्हु का हाथ कट गया। इस पर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने, हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि ख़ुदा तआला की क़सम! यह वह हाथ है जिस ने सबसे पहले क़ुरआन-ए-करीम लिखा था। इस के बाद फिर उसने दूसरा वार कर के आप रज़ियल्लाहु अन्हु को क़तल करना चाहा तो आपकी पत्नी नायला वहां आ गईं और अपने आपको बीच में खड़ा कर दिया परन्तु उस शक़ी ने एक महिला पर वार करने से भी पीछे नहीं हटा और वार कर दिया जिस से आप रज़ियल्लाहु अन्हु की पत्नी की उंगलियां कट गईं और वे अलग हो गईं। फिर उसने एक वार हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु पर किया और आप रज़ियल्लाहु अन्हु को सख़्त ज़ख़मी कर दिया। इसके बाद इस शक़ी ने यह ख़्याल कर के कि अभी जान नहीं निकली, शायद बच जाएं उसी वक़्त जबकि ज़ख़मों के सदमों से आप बेहोश हो चुके थे और शिद्दत-ए-दर्द से तड़प रहे थे आप रज़ियल्लाहु अन्हु का गला पकड़ कर घोंटना शुरू किया और उस वक़्त तक आपका गला नहीं छोड़ा जब तक आप रज़ियल्लाहु अन्हु की रूह शरीर से निकल कर रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की दावत को लब्बैक कहते हुए इस संसार से निकल नहीं गई। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन पहले हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की पत्नी इस नज़्ज़ारे की हैबत से प्रभावित हो कर बोल नहीं सकीं लेकिन आख़िर उन्होंने आवाज़ दी और वे लोग जो दरवाज़े पर बैठे हुए थे अंदर की तरफ़ दौड़े परन्तु अब सहायता फ़ुज़ूल थी, जो कुछ होना था वह हो चुका था। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के एक आज़ाद करदा ग़ुलाम ने सूदान के हाथ में खून में डूबा हुई तलवार देखी जिस ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को शहीद किया था तो उस से न रहा गया और उसने आगे बढ़ कर उस व्यक्ति का तलवार से सिर काट दिया। इस पर उस के साथीयों में से एक व्यक्ति ने उस को क़तल कर दिया।

अब इस्लामी हुकूमत का तख़्त ख़लीफ़ा से ख़ाली हो गया। मदीना वालों ने मज़ीद कोशिश फ़ुज़ूल समझी और हर एक अपने अपने घर जा कर बैठ गया। इन लोगों ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को मार कर घर पर अत्यधिक अत्याचार करना शुरू किया। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की पत्नी ने चाहा कि उस जगह से हट जाएँ तो उसके लौटते वक़्त उनमें से एक कम्बख़्त ने अपने साथीयों से उनके सम्बन्ध में निहायत ग़लीज़ अलफ़ाज़ में टिप्पणी की। बेशक एक हयादार आदमी के लिए चाहे वह किसी मज़हब का अनुसरण करने वाला क्यों न हो इस बात का विश्वास करना भी मुश्किल है कि ऐसे वक़्त में जबकि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के निहायत साबिक़ क़दीमी सहाबी, आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दामाद, समस्त इस्लामी देशों के बादशाह और फिर ख़लीफ़-ए-वक़्त को ये लोग अभी अभी मार कर फ़ारिग़ हुए थे ऐसे गंदे ख़्यालात का उन लोगों ने इज़हार किया हो लेकिन उन लोगों की बेहयाई ऐसी बढ़ी हुई थी कि किसी किस्म की बदआमाली भी उनसे बची न थी। ये लोग किसी नेक मुद्दा को लेकर खड़े नहीं हुए थे न उनकी जमाअत नेक आदमीयों की जमाअत थी। उनमें से कुछ अब्दुल्लाह बिन सबह यहूदी के फ़रेब-ख़ुर्दा और उसकी अजीब-ओ-ग़रीब मुख़ालिफ़ इस्लाम की शिक्षा के दिलदादा थे। कुछ हद से बढ़ी हुई सोशलिज्म बल्कि बोलशविज्म पर मोहित थे। कुछ अपराधी थे जो अपने पुराने द्वेष को निकालना चाहते थे। कुछ लुटेरे और डाकू थे जो इस उपद्रव पर अपने प्रगति के मार्ग देखते थे। अत: उनकी बेहयाई क़ाबिल ताज्जुब नहीं है बल्कि ये लोग यदि ऐसी हरकात नहीं करते तब ताज्जुब का मुक़ाम था। जब ये लोग लूट मार कर रहे थे तो एक और आज़ाद करदा ग़ुलाम से हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के घर वालों की चीख़-ओ-पुकार सुनकर नहीं रहा गया और उसने हमला करके उस व्यक्ति को क़तल कर दिया जिसने पहले ग़ुलाम को मारा था। इस पर उन लोगों ने उसे भी क़तल कर दिया और महिलाओं के शरीर पर से भी ज़ेवर उतार लिए और हंसी ठट्ठा करते हुए घर से निकल गए।

(उद्धरित इस्लाम में इख़तेलाफ़ात का आग़ाज़, अनवारुल उलूम भाग 4 पृष्ठ 327 से 331)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु उन वध करने वालों की बदतहज़ीबी का ओर वर्णन करते हुए एक जगह फ़रमाते हैं कि ख़ुद उन्होंने क्या-किया हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को शहीद किया और जब ख़ून में तड़प रहे थे तो क़ातिल उनकी बीवी, हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की पत्नी के सम्बन्ध में बेहूदा बकवास कर रहे थे, शरीर के बारे में बाते कर रहे थे। फिर इस से भी नीचता का उन्होंने काम किया अर्थात हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की पत्नी पर ही नहीं बल्कि इस से भी आगे बढ़े और हज़रत मुस्लेह मौऊद लिखते हैं कि हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के सम्बन्ध में भी बातें कीं। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि ये बातें सुनके मैं ये कहता हूँ कि मुझे ख़ुदा तआला ने बहुत बड़ा स्थान दिया है और मैं इस पर गर्व करता हूँ लेकिन मेरा दिल चाहता है कि काश मैं उस वक़्त होता और अब न होता तो मैं उन लोगों के टुकड़े-टुकड़े कर देता। उन लोगों की इंतिहा क्या थी? हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के बारे में

जैसा कि मैं ने कहा फ़रमाते हैं कि उन्होंने हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा को बे पर्दा किया और देख कर कहा था कि यह तो नौजवान है। (उद्धरित रिपोर्ट मुशावेरत 12, 11 अप्रैल 1925 ई. पृष्ठ 32-33)

हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा पर भी टिप्पणियाँ करते रहे। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ जो वाक़ियात पेश आए उनसे भी यही मालूम होता है कि वे इन बातों से कभी भयभीत नहीं हुए अर्थात हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु इस बात से कभी भयभीत नहीं हुए कि मुझ से क्या व्यवहार होगा। तारीख़ से साबित है कि जब बाग़ीयों ने मदीना पर क़बज़ा कर लिया तो वे नमाज़ से पहले समस्त मस्जिद में फैल जाते और मदीना वालों को एक दूसरे से जुदा-जुदा रखते ताकि वे इकट्ठे हो कर उनका मुक़ाबला न कर सकें परन्तु इस विद्रोह के अतिरिक्त और फ़ित्ना-अंगेज़ी और फ़साद के हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु नमाज़ पढ़ने के लिए अकेले मस्जिद में तशरीफ़ लाते और ज़रा भी भय महसूस नहीं करते और उस वक़्त तक बराबर आते रहे जब तक लोगों ने आप को मना नहीं कर दिया। जब उपद्रव बहुत बढ़ गया और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के घर पर मुफसिदों ने हमला कर दिया तो उस के अतिरिक्त कि आप सहाबा का अपने मकान के इर्द-गिर्द पहरा लगवाते आपने उन्हें क़सम देकर कहा कि वे आपकी रक्षा कर के अपनी जानों को ख़तरे में न डालें और अपने घरों को चले जाएं। क्या शहादत से डरने वाला आदमी भी ऐसा ही किया करता है और वे लोगों से कहा करता है कि मेरी फ़िक्र न करो बल्कि अपने अपने घरों को चले जाओ। साबित है कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को शहादत से कोई भय नहीं था। फिर इस बात का कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु वाक़ियात से कुछ भी भयभीत नहीं थे एक और ज़बरदस्त सबूत यह है जैसा कि ख़ुतबे के शुरू में वर्णन हुआ था कि इस उपद्रव के दौरान एक दफ़ा हज़रत मुआविया हज के लिए आए। जब वे शाम को वापिस जाने लगे तो मदीना में वे हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु रज़ियल्लाहु अन्हु से मिले और निवेदन किया कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु मेरे साथ शाम चलें वहां आप इन फ़ित्नों से महफ़ूज़ रहेंगे। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि मुआविया मैं रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के निकट रहने पर किसी चीज़ को प्राथमिकता नहीं दे सकता। उन्होंने निवेदन किया कि यदि आपको यह बात स्वीकार नहीं तो मैं शामी सिपाहीयों का एक लश्कर आपकी रक्षा के लिए भेज देता हूँ। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया अपनी रक्षा के लिए एक लश्कर रख कर मुस्लमानों के रिज़्क़ में कमी नहीं करना चाहता। हज़रत मुआविया ने निवेदन किया कि अमीरुल मोमेनीन लोग आप को धोखे से क़तल कर देंगे या संभव है कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु के ख़िलाफ़ वे जंग हो जाएं। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि मुझे इस की पर्वा नहीं। मेरे लिए मेरा ख़ुदा काफ़ी है। आख़िर उन्होंने कहा यदि आप रज़ियल्लाहु अन्हु और कुछ मंज़ूर नहीं करते तो इतना करें कि शरारती लोगों को कुछ बड़े सहाबा के सम्बन्ध में घमंड है और वे ख़्याल करते हैं कि आपके बाद वे काम सँभाल लेंगे। इसलिए वे उनका नाम ले-ले कर लोगों को धोखा देते हैं। आप इन सबको मदीना से विदा कर दें और बैरूनी मुल्कों में फैला दें। इससे उपद्रवियों के इरादे टूट जाऐंगे और वे ख़्याल करेंगे कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु से विवाद कर के उन्होंने क्या लेना है जबकि मदीना में कोई और काम को सँभालने वाला ही नहीं है। परन्तु हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह बात भी नहीं मानी, पहले वर्णन हो चुका है, और कहा यह किस तरह हो सकता है कि जिन लोगों को रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जमा किया है मैं उन्हें देश निकाला कर दूं। हज़रत मुआविया यह सुन कर रो पड़े और उन्होंने निवेदन किया कि यदि आप और कुछ नहीं करते तो इतना ही ऐलान कर दें कि मेरे ख़ून का बदला मुआविया लेगा। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया मुआविया तुम्हारी तबीयत तेज़ है। मैं डरता हूँ कि मुस्लमानों पर तुम कहीं सख़्ती न करो। इसलिए मैं यह ऐलान भी नहीं कर सकता। अब कहने को तो यह कहा जाता है कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु दिल के कमज़ोर थे परन्तु तुम ख़ुद ही बताओ कि इस किस्म का साहस कितने लोग दिखा सकते हैं ? और क्या इन वाक़ियात के होते हुए कहा जा सकता है कि उनके दिल में कुछ भी भय था अर्थात हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के दिल में कोई भय था। यदि भय होता तो वे कहते कि तुम अपनी फ़ौज का एक दस्ता मेरी रक्षा के लिए भिजवा दो। उन्हें वेतन मैं दिला दूँगा और यदि भय होता तो आप ऐलान कर देते यदि मुझ पर किसी ने हाथ उठाया तो वे सुन ले कि मेरा बदला मुआविया लेगा परन्तु आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस के अतिरिक्त कोई उत्तर नहीं दिया कि मुआविया तुम्हारी तबीयत तेज़ है। मैं डरता हूँ कि यदि मैं ने तुमको यह अधिकार दे दिया तो तुम मुस्लमानों पर सख़्ती करोगे। फिर जब आख़िर में दुश्मनों ने दीवार फाँद कर आप पर हमला किया तो बिना किसी डर और भय के इज़हार के आप क़ुरआन-ए-करीम की तिलावत करते रहे यहां तक कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु का एक बेटा, अल्लाह तआला उस पर रहम करे, आगे बढ़ा और उसने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की दाढ़ी पकड़ के उसे ज़ोर से झटका दिया। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उस की तरफ़ आँख उठाई और फ़रमाया मेरे भाई बेटे! यदि तेरा बाप उस वक़्त होता तो तू कभी ऐसा न करता। यह सुनते ही उसका सिर से लेकर पैर तक शरीर काँप गया और शर्मिंदा हो कर वापिस लौट गया। इसके बाद एक और व्यक्ति आगे बढ़ा और उसने एक लोहे की सीख़ जैसा कि वर्णन हो चुका है हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के सिर पर मारी और आगे क़ुरआन जो पड़ा हुआ था उसको पांव से ठोकर मारी। अलग फेंक दिया। वह हटा तो एक और व्यक्ति आगे आया और उसने तलवार से आपको शहीद कर दिया। इन वाक़ियात को देख कर कौन कह सकता है कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु इन वाक़ियात से भयभीत थे।

(उद्धरित ख़िलाफ़त-ए-राशिदा, अनवारुल उलूम भाग 15 पृष्ठ 536-537)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातो वस्सलाम आए और उसी रंग में आए जिस रंग में हज़रत नूह अलैहिस्सलाम, हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम, हज़रत दाऊद अलैहिस्सलाम, हज़रत सुलेमान अलैहिस्सलाम और दूसरे नबी आए हुए थे और आप के बाद भी इसी रंग में सिलसिला-ए-ख़िलाफ़त शुरू हुआ जिस तरह पहले नबियों के बाद ख़िलाफ़त का सिलसिला क़ायम हुआ। यदि हम अक़ल के साथ देखें और इसकी हक़ीक़त को पहचानने की कोशिश करें तो हमें मालूम होगा कि यह एक महान सिलसिला है। अर्थात ख़िलाफ़त का सिलसिला एक महान सिलसिला है बल्कि मैं कहता हूँ कि यदि दस हज़ार नसलें भी उसके क़ियाम के लिए क़ुर्बान कर दी जाएं तो कोई हैसियत नहीं रखतीं। मैं दूसरों के सम्बन्ध में तो नहीं जानता परन्तु कम से कम अपने सम्बन्ध में जानता हूँ कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के ज़माने की तारीख़ पढ़ने के बाद जब मैं हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु पर पड़ी हुई मुसीबतों पर नज़र करता हूँ और दूसरी तरफ़ उस नूर और रूहानियत को देखता हूँ जो रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आ कर उनमें पैदा की तो मैं कहता हूँ कि यदि दुनिया में मेरी दस हज़ार नसलें पैदा होने वाली होतीं और वे सारी की सारी एक काल में जमा कर के क़ुर्बान कर दी जातीं ता वह उपद्रव टल सकता तो मैं समझता हूँ कि यह जूं देकर हाथी ख़रीदने का सौदा है अर्थात बहुत छोटी सी चीज़ देकर,जूं तो एक बड़ा मामूली सा कीड़ा है वह दे कर हाथी ख़रीदने के सौदे से भी यह सस्ता है। दरहक़ीक़त हमें किसी चीज़ की क़ीमत का पता बाद में लगता है।

(उद्धरित नबुव्वत और ख़िलाफ़त अपने वक़्त पर ज़हूर पज़ीर हो जाती है, अनवारुल उलूम भाग 18 पृष्ठ 246)

बाद में पता लगता है कि असल क़ीमत क्या है। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की शहादत के बाद पता लगा कि ख़िलाफ़त की एहमीयत क्या है। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन फ़रमाते हैं कि "हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के बाद समस्त सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हुमा की नज़रें मसनद-ए-ख़िलाफ़त पर बैठने के लिए हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु पर पड़ी और आप बड़े सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु के मश्वरे से इस काम के लिए चुने गए। आप रज़ियल्लाहु अन्हु रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दामाद थे और यह कि एक के बाद एक आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की दो पुत्रियाँ आप रज़ियल्लाहु अन्हु से ब्याही गईं और जब दूसरी लड़की आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की फ़ौत हुई तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि यदि मेरी कोई और बेटी होती तो मैं उसे भी हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से ब्याह देता। इस से मालूम होता है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नज़र में आप को विशेष स्थान प्राप्त था। आप अमक्का वालों की नज़र में निहायत विशेष हैसियत रखते और उस वक़्त मुल्क़-ए-अरब के हालात के अनुसार मालदार आदमी थे। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस्लाम स्वीकार करने के बाद जिन विशेष-विशेष लोगों को तब्लीग़ इस्लाम के लिए चुना उनमें एक हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु भी थे और आप रज़ियल्लाहु अन्हु पर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु का अनुमान ग़लत नहीं गया बल्कि थोड़े दिनों की तब्लीग़ से ही आपने "हज़रत

उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने'' इस्लाम क़बूल कर लिया और इस तरह لسَّابِقُوْنَ الْاَوَّلُوْنَ में अर्थात इस्लाम में दाख़िल होने वाले इस गिरोह में शामिल हुए जिन की क़ुरआन-ए-करीम निहायत प्रशंसनीय शब्दों में प्रशंसा फ़रमाता है। अरब में उन्हें जिस क़दर सम्मान हासिल था उसका कुछ अनुमान इस घटना से लग सकता है कि जब रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक स्वप्न के आधार पर मक्का तशरीफ़ लाए और मक्का वालों ने द्वेष से अंधे हो कर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को उमरा करने की आज्ञा नहीं दी तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उपाय फ़रमाया कि किसी विशेष विश्वसनीय व्यक्ति को मक्का वालों के पास इस बात पर बात करने के लिए भेजा जाए और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु का उसके लिए चुनाव किया। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने उत्तर दिया कि हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! मैं तो जाने को तैयार हूँ परन्तु मक्का में यदि कोई व्यक्ति उनसे बात चीत कर सकता है तो वह हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु है क्योंकि वह उन लोगों की नज़र में विशेष सम्मन रखता है। अत: यदि कोई दूसरा व्यक्ति गया तो उस पर कामयाबी की इतनी उम्मीद नहीं हो सकती जितनी कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु पर है। और आप रज़ियल्लाहु अन्हु की इस बात को रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भी दरुस्त समझा और उन्ही को इस काम के लिए भेजा। इस घटना से मालूम होता है कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु कुफ़्फ़ार में भी विशेष सम्मान की नज़र से देखे जाते थे।

